# दो दुकानों पर छापा, 64 बोरी नकली पुट्टी बरामद

Publish Date:Sat, 31 Aug 2019 06:28 AM (IST)

हरदोई : बघौली चौराहे पर नकली जेके बिरला पुट्टी बेचे जाने की जानकारी पर कंपनी के मैनेजर ने पुलिस के साथ छापा मारा। इस दौरान दो दुकानों से 64 बोरी नकली पुट्टी बरामद की गई। जिन्हें सैंपल के लिए भेज दिया गया।

जेके बिरला पुट्टी के मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि बघौली में नकली पुट्टी बेचे जाने की जानकारी कंपनी को मिली थी। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस के साथ बघौली चौराहे पर पहुंचे और वहां पर धीरेंद्र सिंह की सीमेंट, मौरंग की दुकान पर छापा मारा। जिसमें चार बोरी नकली पुट्टी बरामद की गई। इसके बाद अभिषेक पांडेय की पुट्टी और पेंट की दुकान पर छापा मारा, जहां पर 60 बोरी पुट्टी बरामद की गई। दुकानों से बरामद की गई 64 बोरी को कब्जे में लेकर सैंपल के लिए भेज दिया। पूछताछ में दुकानदारों ने बताया कि उन लोगों सुनील गुप्ता की दुकान से पुट्टी की बोरियां खरीदी थी। जब छापा पड़ा और उन्होंने बिल मांगे तो मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पुलिस सुनील गुप्ता की तलाश कर रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hardoi-raid-19533566.html